अग्र भारत

## किशोरी को ले जाने में प्राथमिकी दर्ज

**फतेहपुर सीकरी।** शनिवार हाट बाजार में मां और बहन के साथ आई किशोरी को भाग कर ले जाने के मामले में पीड़ित पिता द्वारा आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बता दें ग्राम सीकरी चार हिस्सा से शनिवार के है बाजार में खरीदारी के लिए मां और बहन के साथ आई 16 वर्षीय किशोरी को गांव का ही युवक अभिषेक उर्फ भूरा पुत्र देवी सिंह जबरन भाग कर ले गया। उक्त मामले में पिता द्वारा किशोरी के पिता द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है ।पुलिस द्वारा आरोपी युवक एवं किशोरी को बरामद करने के लिए दबिश दी जा रही है।

## गुलिस्ता के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर घायल

**फतेहपुर सीकरी।** शनिवार रात होटल गुलिस्तान के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से एक पैदल राहगीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम मोलोनी खुर्द, जिला धौलपुर (राजस्थान) निवासी पोप सिंह पुत्र राम प्रसाद शनिवार रात करीब 9:30 बजे शाह कुली क्षेत्र से पैदल बाईपास मोड़ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान होटल गुलिस्तान के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पहुंचाया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई ।

## गुलिस्ता के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर घायल

**फतेहपुर सीकरी।** शनिवार रात होटल गुलिस्तान के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से एक पैदल राहगीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम मोलोनी खुर्द, जिला धौलपुर (राजस्थान) निवासी पोप सिंह पुत्र राम प्रसाद शनिवार रात करीब 9:30 बजे शाह कुली क्षेत्र से पैदल बाईपास मोड़ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान होटल गुलिस्तान के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पहुंचाया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई ।

## फतेहपुर सीकरी की शिकायत पर खंदौली की आख्या अपलोड, आईजीआरएस पोर्टल पर निस्तारण का आरोप

**फतेहपुर सीकरी।** उत्तर प्रदेश सरकार के जनसुनवाई (आईजीआरएस) पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में अनियमितता का मामला सामने आया है। फतेहपुर सीकरी ब्लॉक की ग्राम पंचायत नगला मंगोली के मजरा नगला धीरू निवासी सुनील कुमार पराशर ने आरोप लगाया है कि उनकी शिकायत का निस्तारण करते समय दूसरे ब्लॉक की आख्या पोर्टल पर अपलोड कर शिकायत का निस्तारण दिखा दिया गया।

शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने 27 जुलाई 2026 को शिकायत संख्या 40014626054169 के माध्यम से मंदिर वाली गली में लंबे समय से जलभराव की समस्या की शिकायत दर्ज कराई थी। कुछ दिन बाद शिकायत के निस्तारण का एसएमएस मिलने पर उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर अपलोड आख्या देखी। उनका आरोप है कि पोर्टल पर अपलोड छह पृष्ठों की आख्या में शिकायत संख्या 40014626046307 अंकित है, जो ब्लॉक खंदौली के ग्राम पैसई निवासी किसी अन्य व्यक्ति की पेयजल संबंधी शिकायत से संबंधित है।

सुनील कुमार पराशर का कहना है कि उनकी शिकायत जलभराव की समस्या से जुड़ी थी, जबकि अपलोड आख्या में हैंडपंप और समरसेविल से संबंधित विवरण दर्ज है। उनका यह भी आरोप है कि आख्या में दर्ज मोबाइल नंबर भी उनका नहीं है। उन्होंने कहा कि शिकायत के संबंध में किसी अधिकारी ने उनसे संपर्क नहीं किया और केवल एसएमएस के माध्यम से निस्तारण की सूचना दे दी गई। शिकायतकर्ता ने ब्लॉक स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और अनियमितता का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी आगरा एवं उपनिदेशक पंचायत से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कथित गलत निस्तारण को निरस्त कर वास्तविक शिकायत का समाधान कराने की मांग की है।

### सेना जवान पर पत्नी ने लगाए मारपीट और उत्पीड़न के आरोप, जान से मारने की कोशिश का मुकदमा दर्ज

**किरावली (अग्र भारत)।** थाना क्षेत्र की मिढ़ाकुर चौकी के अंतर्गत ग्राम नानपुर निवासी सोनिया सारस्वत ने अपने पति संजय सारस्वत पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पति पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न, मारपीट तथा जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया है। सोनिया सारस्वत ने पुलिस उपायुक्त से शिकायत कर बताया कि उनका विवाह 3 दिसंबर 2010 को संजय सारस्वत के साथ हुआ था। उनके एक 13 वर्षीय पुत्र है। उनके पति भारतीय सेना में एएससी नायक के पद पर कार्यरत हैं।पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति शराब और नशे की लत के चलते उनके साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट करते रहे हैं। शिकायत में उन्होंने जनवरी 2025 में मथुरा स्थित किराए के मकान में पति द्वारा नशे की हालत में फोन तोड़ने, मारपीट करने और बारिश के दौरान रात में घर से बाहर निकालने का आरोप लगाया है।सोनिया का आरोप है कि फरवरी 2025 में जब पति असम से ड्यूटी से वापस आए तो विवाद के दौरान उनके साथ बेल्ट से मारपीट की गई और तकिया से मुंह दबाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। उन्होंने पति पर अन्य महिलाओं से संबंध होने और परिवार को फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी देने के आरोप भी लगाए हैं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नन्हें हाथों ने लगाए विद्यालय में पौधे, प्रधानाध्यापिका ने देखभाल की दिलाई शपथ




**मैनपुरी।** प्राथमिक विद्यालय महटौली में प्रधानाध्यापिका डॉ. सीमा की पहल पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को हुआ। यह कार्यक्रम इको क्लब अभियान के तहत आयोजित हुआ। नन्हें-मुन्हें बच्चों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए। प्रधानाध्यापिका ने पौधों की देखभाल की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक मनोज कुमार और लवकेश ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए कहा कि लगातार पेड़ों की कटाई से वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर घट रहा है। यदि समय रहते अधिक से अधिक पौधे नहीं लगाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने प्रत्येक परिवार को एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने की अपील की। विद्यालय की प्रधानाध्यापक डॉ. सीमा ने कहा कि पौधारोपण तभी सफल हो पाएगा जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाए। रेनू राठौर ने विद्यालय को 10 पौधे दान किए। इस अवसर पर बबली, सुनीता, दीक्षा, कमलेश, विमला, संगीता, सुषमा आदि मौजूद रहे।

# एक ही पॉलिसी में मिलेगा सुरक्षा और बचत का डबल फायदा : शाखा प्रबंधक



**अग्र भारत संवाददाता**

**मैनपुरी।** भारतीय जीवन निगम के अभिकर्ताओं की मीटिंग का आयोजन मैनपुरी में एक मैरिज होम स्थित करहल शाखा प्रबंधक जय किशोर सिंह की अध्यक्षता में विकास अधिकारी गौरव कुमार के नेतृत्व में हुई जिसमें आधा सैकड़ा से अधिक अभिकर्ताओं ने भाग लिया। वही बैठक में शाखा प्रबंधक ने संचालित होने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बेटियों के लिए जैसे जीवन लक्ष्य कन्यादान योजना प्लान बेहतर है उसी तरह अब एक ही पॉलिसी में पति पत्नी का सुरक्षा एवं बचत मिलेगी ।

रविवार को हुई बैठक को दौरान करहल शाखा प्रबंधक जय किशोर सिंह ने बताया कि शादी का मतलब सिर्फ साथ निभाना ही नहीं, बल्कि भविष्य को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना भी होता है. आज के दौर में बढ़ते खर्चों और अनिश्चितताओं के बीच हर कपल ऐसी योजना चाहता है, जिसमें सेविंग और सुरक्षा दोनों का फायदा मिले. इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए एलआईसी ने 'न्यू जीवन साथी' प्लान पेश किए हैं. इन योजनाओं में पति और पत्नी दोनों को एक ही पॉलिसी के तहत कवर मिलता है, जिससे अलग-अलग इंश्योरेंस प्लान लेने की परेशानी खत्म हो जाती है. खास बात यह है कि इसमें निवेश पूरी तरह सुरक्षित रहता है और बाजार के उतार-चढ़ाव का असर नहीं पड़ता।

एलआईसी के ये प्लान उन लोगों के लिए खास माने जा रहे हैं, जो बिना जोखिम के भविष्य के लिए फंड तैयार करना चाहते हैं. चूंकि यह 'नॉन-लिंक्ड' प्लान हैं, इसलिए इनका पैसा शेयर बाजार में निवेश नहीं होता. इससे निवेशकों को स्थिर और सुरक्षित रिटर्न का फायदा मिलता है. इसके अलावा पॉलिसी में गारंटीड एडिशन का लाभ भी दिया जाता है, जिससे मैच्योरिटी पर मिलने वाली रकम का अंदाजा पहले से लगाया जा सकता है. यही वजह है कि यह प्लान लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल सिक्योरिटी के लिहाज से काफी उपयोगी माने जा रहे हैं।

### सिंगल VS लिमिटेड प्रीमियम में अंतर

शाखा प्रबंधक जय किशोर सिंह ने यह भी बताया कि एलआईसी ने इस योजना में आपको दो तरह के प्रीमियम विकल्प दिए हैं, ताकि लोग अपनी जरूरत और बजट के हिसाब से प्लान चुन सकें. अगर आप एक ही बार में भुगतान करके लंबे समय की चिंता खत्म करना चाहते हैं, तो सिंगल प्रीमियम विकल्प बेहतर माना जाता है. वहीं, जो लोग किस्तों में प्रीमियम जमा करना चाहते हैं, उनके लिए लिमिटेड प्रीमियम ऑप्शन मौजूद है, जिसमें तय समय तक ही भुगतान करना होता है.इस योजना की एक बड़ी खासियत यह भी है कि अगर पॉलिसी अवधि के दौरान किसी एक जीवनसाथी की मृत्यु हो जाती है, तो दूसरे व्यक्ति पर आगे का प्रीमियम भरने का बोझ नहीं पड़ता. ऐसे में पॉलिसी जारी रहती है और मिलने वाले लाभ भी सुरक्षित बने रहते हैं. एलआईसी का यह नया प्लान उन कपल्स के लिए अच्छा विकल्प माना जा रहा है, जो सुरक्षा और सेविंग्स दोनों का फायदा एक साथ चाहते हैं. अगर आप भी भविष्य के लिए सुरक्षित निवेश की योजना बना रहे हैं, तो इस स्कीम के बारे में जानकारी लेना फायदेमंद हो सकता है.

### बैठक में यह लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर इस अवसर पर विकास अधिकारी गौरव कुमार, अभिकर्ता विक्रम सिंह चौहान,ब्रज पाल सिंह, राजेन्द्र शाक्य, सुशीला ,दिनेश चन्द्र, बिजेन्द्र यादव, तारा चन्द्र, रंजीत कुमार, आशीष कुमार,प्रदीप कुमार ,राहुल देव, अनिल कुमार,शिवम, सुखदेव, प्रीती पालसहित आदि लोग मौजूद थे।

## ऊँ एक शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि और वैदिक मंत्रों का सार है - मिथलेश दास



**अग्र भारत संवाददाता**

**घिरोर।** विकासखंड क्षेत्र के मैनपुरी शिकोहाबाद रोड स्थित ग्राम अलालपुर में महानंद अवधूत फाउंडेशन आश्रम पर चल रही 31 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिवस में कथा व्यास मिथिलेश दास जी महाराज वृंदावन धाम ने अपने श्रीमुख से भगवान शिव के अग्नि स्तंभ रूप में प्रकट होने की कथा सुनाते हुए कहा कि एक बार ब्रह्मा व विष्णु में अपने श्रेष्ठ को लेकर विवाद हो गया और अपने-अपने को श्रेष्ठ बताने लगे तभी भगवान शिव अग्नि स्तंभ रूप में प्रकट हुए और ब्रह्मा विष्णु को स्तंभ के दोनों छोर नापने को कहा तभी विष्णु जी ने बराह का रूप धारण कर पाताल में स्तंभ का अंत ढूंढने के लिए चल पड़े वहीं ब्रह्मा जी ने हंस बनकर आकाश में स्तंभ का सिर ढूंढने के लिए निकल गए अंत में ब्रह्मा विष्णु उस स्तंभ के छोर का पता नहीं लगा पाए इसी बात से सिद्ध होता है कि शिवजी ही सर्वोच्च है। वही कथा व्यास जी ने ? के महत्व का वर्णन करते हुए कहां के ओउम संपूर्ण सृष्टि और सभी वैदिक मत्रों का स्रोत है यह अ. उ.और म. तीन मात्राओं से मिलकर बना है जो जागृत स्वप्न और सुषुप्ति अवस्थाओं व सृष्टि के सृजन पालन के संहार का प्रतीक है यह उपासक को भवसागर से पार करके मोक्ष तक पहुंचा देता है इसके नियमित सही उच्चारण से शरीर की ऊर्जा संतुलित और मन एकाग्र रहता है। इस अवसर पर राजू पांडे, श्यामवीर सिंह चौहान, बलवीर सिंह, चंद्रपाल सिंह, मुनेश्वर सिंह, सत्यपाल सिंह, विजय बहादुर सिंह, नरेश, अजय, सहवीर, रामकरन, शकुंतला देवी, बिट्टो देवी, आदि काफी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

# जंगल में चल रही अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार



### आगरा, फिरोजाबाद और एटा तक फैला था हथियार सप्लाई का नेटवर्क, तमंचे-पिस्टल व निर्माण उपकरण बरामद

**अग्र भारत संवाददाता**

**आगरा।** एत्मादपुर थाना पुलिस ने एसओजी, साइबर सर्विलांस और काउंटर इंटेलिजेंस टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए आगरा-फिरोजाबाद सीमा क्षेत्र के छोटा सुरेरा जंगल में चल रही अवैध असलहा फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से हथियार बनाते पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध हथियार और निर्माण सामग्री बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर और सर्विलांस के माध्यम से सूचना मिली थी कि छोटा सुरेरा के जंगल में कुछ लोग अवैध रूप से हथियारों का निर्माण कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार्रवाई की। पुलिस को देखकर आरोपितों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उन्हें दबोच लिया।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान शुभम शर्मा, आदिल, राशिद हुसैन, आसिफ और प्रिंस नागवाड़ी के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का नेटवर्क आगरा, फिरोजाबाद और एटा तक फैला हुआ था। आरोपितों द्वारा तैयार किए गए हथियारों की सप्लाई आसपास के जनपदों में की जाती थी।पुलिस ने मौके से पांच बने हुए तमंचे, एक पिस्टल, कारतूस, बड़ी संख्या में अर्धनिर्मित हथियार, लोहे की नाल, स्पेयर पार्ट्स, गैस सिलेंडर, वेल्डिंग और ग्राइंडिंग उपकरण, मोबाइल फोन व नकदी बरामद की है।

पुलिस के मुताबिक राशिद और आसिफ जंगल में हथियार तैयार करने का काम करते थे, जबकि शुभम शर्मा, आदिल और प्रिंस नागवाड़ी हथियारों की सप्लाई और खरीदारों से संपर्क का काम संभालते थे।पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और हथियार खरीदने वालों की तलाश में जुटी है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि अवैध हथियार बनाने के लिए सामग्री कहां से जुटाई जाती थी। सभी आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# आगरा में मुस्लिम महा पंचायत ने रक्तदान कर एकता की मिसाइल कायम



**अग्र भारत संवाददाता**

**आगरा।** उत्तर प्रदेश मुस्लिम महापंचायत की ओर सें देश के लिये आज़ादी की लड़ाई लड़ते हुए शहीद हुए वीर सपूतों कों सलामी देते हुए मुस्लिम युवाओं नें रक्तदान कर ख़िराज ए अक़ीदत पेश की संस्था के प्रदेश सरपंच नदीम नूर नें कहा हम देश के लिए जंग ए आज़ादी में शामिल तों नहीं हों सके लेकिन आज उन शहीदों की शहादत को याद कर उनकी शान में एक यूनिट रक्तदान कर किसी की जान ज़रूर बचा सकतें है जिससें लोगों में देश भक्ति का जज़्बा और इंसानियत ज़िंदा रहें!

## शासन की अनुमति प्राप्त कलुआ राम मंडी और नवीन मंडी दोनों का संचालन हो, बसई के व्यापारियों को मिले स्थायी स्थानः विजय सिंह लोधी मुखिया

**आगरा।** समाजसेवी विजय सिंह लोधी मुखिया ने कहा कि शासन की अनुमति प्राप्त एवं 20 वर्ष के लाइसेंस के आधार पर संचालित कलुआ राम मंडी का प्रशासन द्वारा आवश्यक परीक्षण और जांच की जा चुकी है। इसलिए अनावश्यक विवाद खड़ा करने के बजाय व्यापारियों, किसानों और उपभोक्ताओं के हित में व्यावहारिक एवं स्थायी समाधान निकाला जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बसई क्षेत्र के लगभग 150 आढ़ती और फल विक्रेता कई दिनों से अपनी दुकानें बंद होने के कारण गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। व्यापार ठप होने से उनके परिवारों की आजीविका प्रभावित हो रही है और उनके सामने रोज़मर्रा के खर्च पूरे करने तक की कठिनाई उत्पन्न हो गई है। ऐसे सभी व्यापारियों को तत्काल नवीन फल एवं सब्जी मंडी, बरौली अहीर में स्थायी स्थान उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे सुरक्षित, व्यवस्थित और सुविधायुक्त वातावरण में अपना व्यापार पुनः शुरू कर सकें।

विजय सिंह लोधी ने कहा कि अब नवीन मंडी में ग्राहक तो बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं क्योंकि वसई में माल नहीं मिल रहा है जबकि नवीन मंडी में भी ग्राहकों के लिए माल नहीं मिल पा रहा है यदि मंडी समिति 43 दुकानों के स्वामियों तथा सुपर मार्केट की 30 दुकानों के आवंटियों के साथ शीघ्र बैठक कर बंद पड़ी दुकानों को संचालित कराने की प्रभावी कार्यवाही करे। इससे नवीन मंडी में व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी और लंबे समयएवं से चली आ रही समस्या का समाधान निकल सकेगा। उन्होंने कहा कि बसई के व्यापारियों के नवीन मंडी में स्थानांतरण से बरौली अहीर नवीन मंडी में कारोबार को नई गति मिलेगी। वहीं शासन की अनुमति एवं वैध लाइसेंस के साथ संचालित कलुआ राम मंडी भी पूर्ववत सुचारु रूप से संचालित होती रहेगी। इससे दोनों मंडियों के व्यापारियों को राहत मिलेगी, किसानों को बेहतर विपणन व्यवस्था मिलेगी तथा उपभोक्ताओं को भी सुव्यवस्थित बाजार का लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने प्रशासन और मंडी समिति से सभी संबंधित पक्षों के साथ संवाद स्थापित कर शीघ्र ऐसा समाधान लागू करने की अपील की, जिससे व्यापारियों का हित सुरक्षित रहे, दोनों मंडियां सुचारु रूप से संचालित हों और आगरा की मंडी व्यवस्था अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बन सके।

# पत्रकारों के हितों को लेकर राष्ट्र पत्रकार सुरक्षा परिषद की आयोजित हुई बैठक

### पत्रकार सुरक्षा, फर्जी मुकदमों, आयुष्मान कार्ड, आवास योजना और बच्चों की शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा





**अग्र भारत संवाददाता**

**आगरा।** पत्रकारों के हितों और उनके अधिकारों की रक्षा को लेकर रविवार को राष्ट्र पत्रकार सुरक्षा परिषद की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पत्रकारों के साथ होने वाले कथित शोषण, फर्जी मुकदमों तथा उनकी सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराने, आवास योजनाओं का लाभ दिलाने तथा पत्रकारों के बच्चों को मिशनरी स्कूलों में 50 प्रतिशत प्रवेश की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ हैं और उनके हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। बैठक के अंत में सभी पत्रकारों ने संगठन की एकजुटता का परिचय देते हुए 'राष्ट्र पत्रकार सुरक्षा परिषद एकता जिंदाबाद' तथा 'पत्रकार जिंदाबाद' के नारों के साथ पत्रकार हितों की आवाज को और मजबूती से उठाने का संकल्प लिया। बैठक में परिषद के जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता, कपिल गौतम, राशिद हुसैन, जीशान अहमद, जावेद खान, रविंद्र गहलोत, अनिल शर्मा, करण शर्मा, संजय गोस्वामी, पंकज शर्मा, वीरेंद्र चौधरी, जितेंद्र सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।